(घ) संगणक कार्यक्रम--संगणक के प्रकार, संगणक के अवयव, इतिहास तथा विकास, विभिन्न भाषाएं । फोर्टान (सूत्रानुवाद) मूल कार्यक्रम, अचर, चर, व्यंजक अंक गणितीय कथन पुस्तकालय कार्य नियंत्रक कथन, अप्रतिबंधित गो-टू (Go-To) कथन, संगणित गोटू (Go-To) कथन इफ (IF) तथा डू (Do) कथन जारी रखो (Continu) मंगाओ (Call) वापिस भेजो (Return) रोको, (Stop) समाप्त करो (End) कथन, आई ओ (IO) कथन, फार्मेटस (Formats) क्षेत्रीय विनिर्देश ।

वादलिपि चर, ब्यूह बिमा (Dimension) कथन, फलन तथा उपनित्यक्रम उपकार्यक्रम, सिविल इंजीनियरी में प्रवाह--संचित्र सहित साधारण समस्याओं के लिए अनुप्रयोग ।

पत्र-2

टिप्पणी--उम्मीदवार किन्हीं दो भागों में से प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं ।

भाग क--भवन निर्माण

निर्माण सामग्री के भौतिक तथा यांत्रिक गुण, चयन को प्रभावित करने वाले घटक, ईंट तथा मृतिक उत्पाद, चुना और सिमेंट, बहुलक सामग्री तथा विशेष उपयोग, आर्द्रता रोधी (सील रोधक) सामग्री ।

दीवारों के लिए ईट कार्य प्रकार, खोसला आई एस कोड के अनुसार ईट की सिनई की दीवार का डिजाइन, सुरक्षांक उपयोग्यता तथा सामर्थ्य के लिए आवश्यक बातें, दीवारों तलों (फरशों, छतो, अन्तरछद के विवरण कार्य भवनों को परिष्कृति, प्लास्टर करने, टाप करने, प्रलेप करने को परिष्कृति ।

भवन को प्रकार्यात्मक योजना, भवनों का दिकविन्यास, अग्निसह निर्माण के अवयव, क्षतिग्रस्त तथा दरार पड़े भवनों को मरम्मत, फेरो-सीमेंट का उपयोग, निर्माण में फाइबर प्रवति तथा बहुलक कंक्रीट का उपयोग, अल्प लागत आवास के लिए तकनीकें तथा सामग्री ।

भवन आकलन तथा विशिष्टियां निर्माण का नियोजन, पी०ई०आर०टी० तथा सी०पी०एम० पद्धतियां ।

भाग --- (ख)

परिवहन इंजीनियरी ---

मार्ग यातायात इंजीनियरी तथा यातायात सर्वेक्षण, चौराहे मार्ग चिन्ह संकेत तथा चिन्ह लगाना ।

मार्गों का वर्गीकरण, योजना तथा ज्यामितीय डिजाइन ।

सुनम्य तथा दृढ़ कुटिट्यों के डिजाइन, परतों तथा डिजाइन पद्धतियों पर भारतीय मार्ग कांग्रेस द्वारा प्रस्तुत मार्ग दर्शी रूप रेखाएं ।

भाग--- (ग)

जल संसाधन तथा सिंचाई इंजीनियरी---

जल विज्ञान जलाय चक्र अवशेषण, वाष्पीकरण, वाष्पोत्सर्जन, अवनमन संचयन, अतः स्पदनजलारेस यूनिट जलारेस आवृत्ति विश्लेषण, बाढ़ आकलन ।

भू-जल प्रवाह---विशिष्ट लब्धि, संचयन, गुणांक पारागम्यता का गुणांक परिरुद्ध तथा अपरिरुद्ध जल वाही स्तर परिरुद्ध तथा अपरिरुद्ध स्थितियों के अन्तर्गत एक कूप के भीतर अरीय प्रवाह नल कूप, पम्पन तथा पुनर्ज्ञप्ति परीक्षण भू-जल प्रोटेंशियल ।

जल संसाधन योजना---भू तथा धरातल जल संसाधन एकल तथा बहुउद्देशीय परियोजनाएं, जलाशयों की संचयन नम्रता, जलाशय हानियां, जलाशय अवसादन, जलाशयों द्वारा बाढ़ मार्ग, जल संसाधन परियोजना का अर्थशास्त्र ।

फसलों के लिए जल की आवश्यकता---जला का क्षयी उपयोग, सिंचाई जल की गुणवत्ता, कृत्ति तथा डेल्टा, सिंचाई के तरोके तथा उनकी दक्षाएं ।

नहरें---नहर सिंचाई के लिए आवंटन पद्धति नहर क्षमता, नहर को हानियां मुख्या तथा वितरिका---नहर का संरेक्षण काट अस्तरित वाहिका उनके डिजाइन रिजाम सिद्धांत, क्रांतिक अपरूपण प्रतिजल तल भार, स्थानीय तथा निलंबित भार परिवहन तथा अस्तरित अनास्तरित नहरों की लागत का विश्लेषण, अस्तर के पीछे जल निकास।

जल ग्रस्तता---कारण तथा नियंत्रण ,

जल निकास---पद्धति का डिजाइन, लवणता ।

नहर संरचना, नियमन का डिजाइन कोस जल निकास तथा संचार कार्य कोस नियंत्रक मुख नियामक, नहर प्रपात. जलवाही सेतु अवनलिका तथा नहरों निकास में मापन ।

द्विक्परिवर्त्ती शीर्ष कार्य, पारगम्य तथा अपारगम्य नीवों पर वीयर के डिजाइन के सिद्धांत, खोसला का सिद्धांत; ऊर्जा क्षय, शमन, द्रोणी, साद अपवर्जन ।

संजयन कार्य---बांधों की किस्में, दृढ़ गुरुत्व तथा भू-बांधों के डिजाइन सिद्धांत, स्थायित्व विश्लेषण नीवों का उपचार जोड़ तथा दीर्घाएं, निस्पंदन का नियंत्रण, निर्माण पद्धतियों तथा मशीनरी ।

उत्प्लव मार्ग, प्रकार, शिखिर, द्वार ऊर्जा क्षय ।

नदी प्रशिक्षण---नदी प्रशिक्षण के उद्देश्य., नदी प्रशिक्षण के तरीके ।

भाग---(ब)

पर्यावरण इंजीनियरी---

जल पूर्ति के स्त्रोतों की प्रतिशतता का आकलन, भूमि तथा भूपृष्ठ जल, भूपष्ठ जल द्रव-इंजीनियरी, जल मांग की प्रागुक्ति जल की अशुद्धता तथा उनका महत्व भौतिक, रासायनिक तथा जीवाणु-विज्ञान-संबंधी विश्लेषण, जल से होने वाली बीमारियों पेय जल के लिए मानक, जल अन्तर्ग्रहण, पंपन तथा गुरुत्व योजनाएं ।

जल उपचार---स्कंदन के सिद्धांत उर्णन तथा सादन, मंद द्रुत दाव, द्विप्रवाह एवं बहु-माध्यम फिल्टर, क्लोरीनीकरण मृदुकरण, स्वाद गन्ध तथा लवणता को दूर करना ।

जल संग्रहण तथा वितरण---संग्रहण एवं संतुलन जलाशय-प्रकार, स्थान और क्षमता।

वितरण प्रणालियां---अभिन्यास, पाइप लाइनों की द्रव इंजीनियरी पाइप फिटिंग निरोध तथा दाव कम करने वाले वाल्वों सहित अन्य वाल्व, मीटर हार्डी क्रास विधि का प्रयोग करते हुए वितरण, प्रणालियों का विश्लेषण, कास्ट हैंडलास अनुपात मानदन्ड पर आधारित इष्टतम डिजाइन के सामान्य सिद्धांत, ध्यवन अभिज्ञान, वितरण प्रणालियाँ पंपन केन्द्रों का अनुरक्षण तथा उनका प्रचालन ।

मल-व्यवस्था प्रणालियाँ---घरेलू और औद्योगिक अपशिष्ट, झंझावहित मल-पृथक एवं संयुक्त प्रणालियों सीवरों के जरिए बहाव, सीवारों का डिजाइन, सीवार उपस्करण मेन हाल प्रवेशिका, जंक्शन, साइफन ।

वाहित मल लक्षण वर्णन--- बी०ओ०डी०सी० ओ० डी० ठोस पदार्थ व्यासुत आक्सीजन, नाइट्रोजन तथा टी० ओ० सी० सामान्य जल मार्ग तथा भूमि पर निस्तारण के मानक वाहित मल उपचार---कार्यकारी नियम इकाइयां, कोष्ठ, अवसादन टैंक, ध्वावी फिल्टर, आक्सीकरण ताल, उत्प्रेरित अवर्वक प्रक्रिया, सैप्टिक टैंक, अवपंक निस्तारण, अपशिष्ट जल का पुनः चालन ।

ठोस अपशिष्ट---संग्रहण एवं निस्तारण।

पर्यावरणीय प्रदूषण पारिस्थितिक सन्तुलन, जल प्रदूषण नियंत्रण एक्ट रेडियोएक्टिव अपशिष्ट एवं निस्तारण, उष्मीय शक्ति संयंत्रों, खानों के लिए पर्यावर्णणीय प्रभावमूल्यांकन ।

स्वच्छता---भवनों का स्थान तथा पूर्वाभिमुखी करण संचालन तथा सीत प्रूफरद्दे, गृह जल निकास, अपशिष्ट निस्तारण की सफाई व्यवस्था एवं जलोढ़ प्रणाली ।सफाई संबंधी उपकरण शौचघर तथा मूत्रालय, ग्रामीण स्वच्छता ।

10. वाणिज्यिक शास्त्र तथा लेखा विधि

पत्र-1. लेखा कार्य तथा वित्त

भाग 1-लेखा कार्य, लेखा परीक्षा तथा कराधान

वित्तीय सूचना पद्धति के रुप में लेखा कार्य व्यावहारात्मक विज्ञानों का प्रभाव वर्तमान क्रयशक्ति लेखाकरण के विशिष्टि संदर्भ में बदलते कीमत दर के लेखाकरण की पद्धति कंपनी लेखा की प्रगत समस्याएं, कंपनियों का समामेलन, अन्तर्लयन तथा पुनर्गठन नियंत्रक कंपनियों का लेखा कार्य शेयरों और गुडविल (सुनाम) का मूल्यांकन नियंत्रकों का कार्य संपत्ति, नियंत्रण सांविधिक तथा प्रबंध ।

आयकर अधिनियम, 1961 के प्रमुख उपबंध---परिभाषाएं---आयकर, लगाना, छूट, मूल्यह्रास तथा निवेश छूट विभिन्न मदों के अधीन आय के अभिकलन की सरल समस्या तथा कर निर्धारण योग्य आय का निश्चयन आयकर अधिकारी ।

लागत लेखा विधि का स्वरूप तथा कार्य––लागत वर्गीकरण––अर्द्धपरिवर्त्ती लागतों के स्थिर और परिवर्त्ती घटकों के बीच बांटने की प्रविधि––जांच लागत का निर्धारण पिको तथा उत्पादन का समकक्ष इकाइयों के परिकलन की भारित औसत पद्धति लागत तथा वित्तीय लेखाओं का समाधान सीमांत लागत निर्धारण लागत परिमाण लाभ संबंध बीजगणीतीय सूत्र तथा आलेखीय चित्रण मूल बिन्दू––लागत नियंत्रण तथा लागत घटाव की प्रविधि––बजट नियंत्रण लचीला बजट मानक लागत का निर्धारण तथा प्रसारण विश्लेषण दायित्व लेखा विविध––उपरि व्यय लगाने के आधार तथा उनके अन्तर्निहित दोष––कीमत तय करने के निर्णय के लिए लागत निर्धारण ।

सांक्षांकन कार्य का महत्व । लेखा परीक्षण कार्य का प्रोग्राम बनाना परिसम्पत्ति का मूल्यांकन तथा सत्यापन स्थायी छपी तथा चालू परिसम्पत्ति देनदारियों का सत्यापन, सीमित कंपनियों की लेखा परीक्षा लेखा परीक्षा की नियुक्ति पदप्रतिष्ठा शक्ति, कर्त्तव्य तथा दायित्व लेखापरीक्षक की रिपोर्ट शेयर पूंजी की लेखा परीक्षा तथा शेयरों का हस्तांतरण बैंकिंग और बीमा कंपनियों की लेखा परीक्षा की विशेष बातें ।

भाग 2––व्यापार वित्तीय तथा वित्तीय संस्थायें ।

वित्त प्रबंध की अवधारणा तथा विषय क्षेत्र नियमों के वित्तीय लक्ष्य पूंजीगत बजट बनाना, अनुमानाश्रित नियम तथा बट्टागत नकदी प्रवाह संबंधी उपागम, निवेश निर्णयों में अनिश्चितता का समावेश ईष्टतम पूंजी ।

संरचना का अभिकल्पन––पूंजी की भारित औसत लागत तथा अल्पकालिक, मध्यकालिक तथा दीर्घकालिक वित्त जुटाने के मोदीगतियानी तथा मिलर माडल स्त्रोतों से संबंधित विवाद सार्वजनिक तथा परिवर्त्तनीय डिवेंचरों की की भूमिका––ऋण इक्विटी अनुपात के संबंध में प्रतिमान तथा निदेशक संकेत इष्टतम लाभांश नीति के नियामक तत्व जैम्स ईबातर और जान लिटनर का प्रतिरुपों (माडलों) की इष्टतम रूप देना, लाभांश के भुगतान के फार्म कार्यशील पूंजी का ढांचा तथा विभिन्न घटकों के स्तर को प्रभावित करने वाले चार कार्यशील पूंजी के पूर्वानुमान का नकदी प्रवाह दृष्टिकोण भारतीय उद्योगों में कार्यशील व पूंजी का पाश्वंचित्र-उधार प्रबंध या उधार नीति वित्तीय आयोजन और नकदी ।

प्रवाह वितरण के संबंध में कर का विचारण ।

भारतीय द्रव्य का भार का संगठन तथा कमियां-वाणिज्यिक बैंकों को परिसम्पत्तियों तथा देयताओं की संरचना-राष्ट्रीयकरण की उपलब्धियां तथा विफलताएँ-क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक उधार से संबद्ध अनुवर्ती कार्यवाही पर टंडन पी०एल०अध्ययन दल की सिफारिशें 76 तथा पीरे के०वी० समिति द्वारा इनका संशोधन,1979-भारतीय रिजर्व बैंक का मुद्रा तथा उधार संबंधी नीतियों का मूल्यांकन-भारतीय पूँजी बाजार के संघटक अखिल भारतीय स्तर संबंध को वित्तीय संस्थाओं (आई० डी० बी० आई०आई० एफ० सी० आई०आई० सी० आई० सी० और आई० आर० सी० आई० के कार्य और कार्यसंचालन विधि-भारतीय जीवन बीमा निगम तथा भारतीय यूनिट ट्रस्ट की निवेश नीतियां स्टाक एक्सचेंजों की वर्तमान स्थिति तथा उनका विनियमन ।

परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1981 के उपबन्ध अदाकर्ता गता वसूली बैंकरों के सांविधिक संरक्षण के विशेष संदर्भ में रेखांकन तथा पृष्ठांकन बैंकों के चार्टरीकरण पर्यवेक्षण तथा विनियमन से संबद्ध बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के विशिष्ट उपबन्ध ।

पत्र-2-संगठन सिद्धान्त तथा औद्योगिक संबंध

भाग:–संगठन सिद्धान्त

संगठन की प्रगति तथा आधारण-संगठन के लक्ष्य प्राथमिणता द्वितीय लक्ष्य, एकल तथा बहुल लक्ष्य, उपाय, श्रंखला लक्ष्यों का विस्थापन अनुक्रमण, विस्तार तथा वसुलीकरण-औपचारिक संगठन प्रचार संरचना लाइन और स्टाफ कार्यात्मक आधारों तथा परियोजना- अनौपचारिक संगठन-कार्य तथा सीमायें ।

संगठन सिद्धान्त का विकास शास्त्रीय नव शास्त्रीय तथा प्रणाली उपक्रम नौकरशाही शक्ति का स्वरुप नथा आधार, शक्ति के स्रोत शक्ति संरचना द्वारा राजनीति-गतिक प्रणाली के रूप में संगठनात्मक व्यवहार, तकनीकी सामाजिक तथा शक्ति प्रणालियां-अंतः सम्बन्ध और अन्तरक्रियाएँ, प्रत्याग-स्थिति प्रणाली मामलों मोग्रेनर, हर्जबर्ग, लिकेर्ट बूम पोर्डर तथा लालर के सैधांतिक तथा अनुभवाक्षित आधार अभिप्रेरण के आदन और हुमन माटल मनोबल तथा उत्पादकना नेतत्व सिद्धान्त तथा मनोबली संगठनों में संधर्म प्रबन्ध-संव्यवहारात्मक विश्लेषण-संगठन में संस्कृति की महत्व, तर्कबुद्धि की सीमाएँ वाईमन मार्क उपागम । सांगठनिक, परिवर्तन, अनुकूलन, वृद्धि और विकास संगठनिक नियंत्रण तथा प्रभाविता ।

औद्योगिक संबंधों का स्वस्थ और विषय क्षेत्र-भारत में औद्योगिक श्रम तथा उसकी प्रतिवक्ता-सम्वाद्य के सिद्धान्त-भारत में श्रमिक संघ आंदोलन संवृद्धि तथा संरचना-बाहरी नेतृत्व की भूमिका, श्रमिकों की शिक्षा तथा अन्य समस्याएँ-सामूहिक सौदेबाजी, -उपलब्धि स्थितियाँ, सीमाएँ और भारतीय परिस्थितियों में उनकी प्रभाविक्ता-

वाणिज्य तथा लेखाविधि

प्रबंध में श्रमिकों की भागीदारी दर्शन, तर्काधार, वर्तमान स्थिति और भावी संभावनाएं।

भारत में औद्योगिक विवादों का निवारण तथा समाधान निवारक उपाय समाधानतंत्र तथा व्यवहार में आने वाले अन्य उपाय-सार्वजनिक उद्यमों में औद्योगिक संबंध -भारतीय उद्योगों में अनुपस्थिति तथा श्रमिक परिवर्धन सापेक्ष मजदूरियों तथा मजदूरी विभेदक तत्व, भारत में मजदूरी नीति-लोनस का प्रश्न-अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और भारत-संगठन में कार्मिक विभाग की भूमिका-कार्यकारी (एक्जीक्यूटिव) विकास कार्मिक नीतियाँ, कार्मिक लेखा परीक्षा और कार्मिक अनुसंधान।

11-अर्थशास्त्र

पत्र-1

1. अर्थव्यवस्था का ढांचा, राष्ट्रीय आय का लेखीकरण।

2. आर्थिक विकल्प-उपभोक्ता व्यवहार-उत्पादक व्यवहार और बाजार के रूप।

3. निवेश संबंधी निर्णय तथा आय और रोजगार का निर्धारण-आय, वितरण और वृद्धि के समृद्ध आर्थिक प्रतिरूप।

4. बैंक व्यवस्था-योजनाबद्ध- विकासशील अर्थव्यवस्था के केन्द्रीय बैंक व्यवस्था के उद्देश्य और साधन तथा साख संबंधी नीतियाँ। बिहार में वाणिज्य बैंकों के क्रियाकलाप।

5. करों के प्रकार और अर्थव्यवस्था पर उनका प्रभाव-बजट के आकड़ों के प्रभाव। योजना बद्ध निकासशील अर्थव्यवस्था के बजटीय और राजकोषीय नीति के उद्देश्य और साधन।

6. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रशुल्क पद्धति, विनिमय दर, अदायगी शोध, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा व बैंक संस्थान।

पत्र-2

1. भारतीय अर्थ व्यवस्था, भारती अर्थ नीति के निदेशक सिद्धांत, योजनाबद्ध वृद्धि और वितरण न्याय-गरीबी का उन्मूलन। भारतीय अर्थव्यवस्था का संस्थागत ढांचा-संघीय शासन संरचना-कृषि औद्योगिक क्षेत्र, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र, राष्ट्रीय आय, उसका क्षेत्रीय और क्षेत्रीय वितरण गरीबी कहां-कहां और कितनी।

2. कृषि उत्पादन-कृषि नीति-भूमि सुधार-प्रोधोगिकीय परिवर्तन-औधोगिक क्षेत्र से सह-संबंध।

3. औधोगिक उत्पादन-औधोगिक नीति। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र क्षेत्रीय वितरण-एकाधिकार प्रथा का नियंत्रण और एकाधिकार।

4. कृषि उत्पादों और औद्योगिक उत्पादों के मूल्य निर्धारण संबंधी नीतियां अधिप्राप्ति और सार्वजनिक वितरण।

5. बजट की प्रवृतियां और राजकोषीय वितरण।

6. मुद्रा और साख प्रवृतियां और नीति--बैंक व्यवस्था और अन्य वित्तीय संस्थाएं ।

7. विदेशी व्यापार और अदायगी कोष ।

8. भारतीय योजना । उद्देय, व्यूह ,रचना अनुभव और समस्याएं ।

9. बिहार की अर्थ व्यवस्था--कृषि एवं उद्योग के सापेक्षिक स्थान, आर्थिक विकास के मार्ग की रूकावटें गरीबी एवं बेरोजगारी, भूमि सुधार की प्रगति ।

12-विद्युत इंजीनियरी

पत्र-1

जाल तंत्र---निर्दिष्ट धारा और प्रत्यावर्ती धारा जाल को स्थायी अवस्था का विश्लेषण जाल-प्रमेय, आव्यूह बीज गणित, जाल प्रकार्य क्षणिक अनुक्रिया आवृति अनुक्रिया, लाप्लास रुपान्तर, फूरिया श्रेणी और फुरिया रुपांतर, आवृत्ति स्पैक्ट्राई, ध्रुव शून्य संकलपन, प्रारंभिक जाल अंश्लेशण । स्थिति विज्ञान और चुम्बक विज्ञान ।

स्थिर विद्युत और स्थिर चुम्बकीय क्षेत्रों का विश्लेशण लाप्लास और प्वासों समीकरण, परिसीमा, मान समस्याओं का हल मेक्सवेल समीकरण विद्युत चुम्बकीय तरंग संचारण भू.और आकाश तरंगे भू-केन्द्र और उपग्रह के बीच संचारण ।

माप-मापन की आधारभूत, प्रद्धतियां मानक त्रुटि विश्लेषण सूचक यंत्र कैपोडोर आसिलोस्कोप, वोल्टेज, मापन धारा, प्रतिरोध, प्रेरकत्व, धारिता समय, आवृति और फ्लक्स, इलेट्रानिक मोटर ।

इलैक्ट्रानिकी--निर्वात और अर्द्धचालक युक्तियां, समकक्ष परिपथ, ट्रांजिस्टर पैरामेंटेटर धारा और वोल्टेज लब्धि और निवेश तथा निगम प्रतिबाधाओं का निर्धारण अभिनतन, प्रविधि, एकल और बहुचरण अन्य रेडियो लघु संकेत तथा वृहत संकेत प्रवर्धक और उनका विश्लेषण, पुनभरण प्रवर्धक और दोलित तरंग, रुपण परिपथ और समतरकार जनित्र, विभिन्न प्रकार के बहुकंपित और उनके प्रायोगअंकी परिपथ ।

वैधुत मशीन---पूर्णी यंत्रों में ई०एफ०एम०एम०एफ० और आसूर्गन का जनन निष्ट धारा तुल्य मकालिक और प्रेरक मशीनों के लीडर और जनित्र संबंधी लक्षण तुल्य परिपत्र दिनपरिर्वतन पोर्श्य, प्रचाजन, शक्ति ट्रांसफरमर के फजर आरेख और तुल्प परिपथ कार्य निष्पादन और दक्षता का निर्धारण आटो ट्रांसफरमर, त्रिपल ट्रांसफरमर ।

पत्र-2

खण्ड "क"

नियंत्रण प्रणाली---गतिक रेखिक नियंत्रण प्रणालियों का गणितीय निर्देशन, ब्लाक आरेख और संकेत प्रवाह आलेख, क्षणिक अनुक्रिया स्थायी तथा त्रुटियां स्थायित्व आवृत्ति अनुक्रिया प्रविष्टियां मल विन्दु पथ प्रविष्टियां श्रेणी प्रतिकरण ।

औद्योगिक इलैक्ट्रानिकी---एक कलीय और बहु कलीय परिशोधको के सिद्धान्त और अभिकल्पन नियंत्रित परिशोधन, समगधारी फिल्टर, नियमित शक्ति प्रदाय चालय हेतु गति नियंत्रण परिपथ प्रतीपक दिष्ट धारा के प्रयावर्ती धारा में रुपांतरण धोपर, कांच नियमक और वेलिडंग परिपथ ।

खण्ड "ख"--शुद्ध धाराएँ वैधुत मशीनें---प्रेरण मशीनों-घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र वफहुलीय मोटर प्रचालन सिद्धान्त फेजर आरेख बल आरण आघूर्ण सर्पण विशेषता तुल्य परिपथ और इसके प्राचल निर्धारण वृत्त आरेख प्रवर्तक गति नियंत्रण, द्विपंजर मोटर प्रेरण जनित्र सिद्धान्त फेजर आरेख एक कलीय मोटरों की विशेषताएँ और अनुप्रयोग द्विकलीय प्रेरण और मोटर का अनुप्रयोग ।

तुल्यकालिक मशीन---ई० एम० एफ० समीकरण फेजर, और वृत्त आरेख अपरिमित "वस" पर प्रचालन तुल्यकालिक शक्ति, प्रचालन विशेषता और विभिन्न पद्धतियों द्वार निष्पादन, आकस्मिक लघु परिपथ और मशीन प्रतिधात और काल स्थिरता निर्धारित करने हेतु दोलन लेख का विश्लेषण मोटर ,विशेषताएँ और कार्य निष्पादन प्रवर्तन पद्धति अनुप्रयोग ।

विशेष मशीन--एम्प्लीडाइन और मेटाडाइन प्रचालन विशेषताएं और उसके अनुप्रयोग।

शक्ति प्रणाली और रक्षण--विभिन्न प्रकार के शक्ति केन्द्रों को सामान्य रूप-रेखा और अर्थ प्रबंध आधार--भार शिखर भार और पंपित पंडारण संयंत्रदष्ट धारा और प्रत्यावर्ती धारा शक्ति वितरण को विभिन्न प्रणालियों की अर्थव्यवस्था, संचरण शक्ति प्रचलन परिकलन, जी० एम० डी० को संकल्पना लघु मध्यम और दीर्घ संरचना यंत्रि विद्युत् रोधक विद्युत रोधकों की किसी रज्जू में वोल्टेज का वितरण और श्रे गोचन, विद्युत रोधकों प्रवाता-वरणी प्रभाव समामित घटकों द्वारा परिकलन, भार प्रवाह विश्लेषण और किफायती प्रचालन, स्थायी दशा और क्षणिक स्थायित्व दोष, विलोचन की स्विच गियर पद्धतियां पुनः प्रवर्तन और उपलब्धि वोल्टेज, परिपथ, विच्छेदक परीक्षण रक्षी रिले शक्ति प्रणोली उपस्कर हेतु लक्षी योजना संचरण लाइनों में सी०टी० और पी० टी महोर्मियां प्रगामी तरंग और-रक्षण।

उपयोग--औद्योगिक परिचालन विविध परियोजनाओं के लिए वैद्युत मीटर और उनके अनुमतांक का आकलन, प्रारम्भ होते समय मपुटरों का त्वरण, ब्रेक और उत्क्रमण प्रचालनों में मोटर का आचरण दिष्ट धारा प्रेरण मोटर हेतु नियंत्रण की योजना रेल कर्षण की विभिन्न प्रणालियों की अर्थव्यवस्था और अन्य पहलू रेलगाड़ी आवा-गमन की यांत्रिकी शक्ति और ऊर्जा की जरूरतों तथा मोटर अनुमतांकों की आकलन कर्षण मीटरों की विशेषताएं परावैद्युतीय और प्रेरणा तापन।

अथवा

खंड "ग" (प्रकाश धाराएं)

संचार प्रणालियों आयाम का प्रजनन और संसूचन--कला दीक्षीविल, माडुलक और डिमाडुलक का प्रयोग करते हुए आयाम आवृति कला और स्पंद माडुलोर सिगनलों का जनन और संसूचन माडुलिक प्रणालियों की तुलना एवं समस्याएं प्रणाली दक्षता, प्रतिचयन प्रमेय, ध्वनि और दर्शन प्रसारण संचारण और अभिग्राही प्रणालियां एंटेना, भरकों और अभिग्राही परिपथ श्रव्य स्थित संचरण रेखा, रेडियो और परा उच्च आवृत्तियां।

सूक्ष्म तरंग--निर्देशित साधनों में वैद्युत चुम्बकीय तरंग--तरंग निर्देशी घटक कोटर अनुवादक, सूक्ष्म तरंग नल और ठोस अवस्था युक्तियाँ सूक्ष्म तरंग जनित्र और प्रबंधक, फिल्टर सूक्ष्म, तरंग मापन प्रविधियां सूक्ष्म, तरंग विकिरण पेटर्न संचार और एंटेना प्रणालियां--नौचालन रेडियो सहायकता।

दिष्ट धारा प्रवर्धक प्रत्यक्ष युग्मित प्रबंधक, भेद प्रवर्धक धापधर और अनुरुप अभिकलन।

13-भूगोल

पत्र-1

भूगोल का सिद्धान्त

खण्ड-"क"-भौतिक भूगोल

1. भू-आकृति विज्ञान--भू पटल का उदगम तथा विकास भू-संचलन तथा प्लेट विवर्तनिकी, ज्वालामुखी क्रिया-अपरदन चक्र-डेविस तथा पेंक नदीय, हिमनदीय शुष्क तथा कार्स्ट भू-आकृतियां पुनर्यवनित तथा बहुचक्रीय भू-आकृतियां।

2. जलवायु विज्ञान--वायुमंडल इसकी संरचना तथा संयोजन, वायु राशियां, वाताग्र चक्रवात तथा संबद्ध परिघटनाएं-जलवायु वर्गीकरण कोपेन तथा थार्न्थवेट, भूतलजल, जलचक्र तथा जल वैज्ञानिक चक्र।

3. मृदाएं तथा वनस्पति--मृदा उत्पत्ति वर्गीकरण तथा वितरण, सवाना तथा मानसुन वन जीवोमों के पारिस्थितिक पहलू।

4. महासागरीय विज्ञान--महासागर तल उच्चावच भारतीय महासागरीय तल का उच्चावच, लवणता, धाराएं तथा ज्वार, समुद्र निक्षेप तथा मूंग चट्टानें।

5. पारिस्थितिक तंत्र--पारिस्थिति-तंत्र की संकल्पना, पारिस्थितिक तंत्र पर मनुष्य का संघात विश्व की पारिस्थिति की असन्तुलन।

---

1. भौगोलिक चिंतन का विकास---यूरोपीय तथा ब्रिटिश भूगोलविदों का योगदान, नियतिवाद तथा सम्भववाद, भूगोल में द्वैतवाद मात्रात्मक तथा व्यवहारात्मक क्रांतियां।

2. मानव भूगोल---मानव तथा मानव प्रजातियों का आविर्भाव, मानव का सांस्कृतिक विकास, विश्व के प्रमुख सांस्कृतिक परिमंडल, अन्तर्राष्ट्रीय प्रव्रजन, अतीत और वर्तमान, विश्व की जनसंख्या का वितरण तथा वृद्धि, जनसांख्यिकीय संक्रमण तथा विश्व जनसंख्या की समस्याएं।

3. बस्ती भूगोल---ग्रामीण तथा नगरीय बस्तियों की संकल्पना, नगरीकरण का उद्भव-ग्रामीण बस्ती के प्रतिरूप, नगरीय वर्गीकरण-नगरीय प्रभाव के क्षेत्र तथा ग्रामीण नगरीय सीमान्त, नगरों की आन्तरिक संरचना, विश्व में नगरीय वृद्धि की समस्याएं।

4. राजनीतिक भूगोल :---राष्ट्र और राज्य की संकल्पनाएं, सीमान्त, सीमाएं तथा बफर क्षेत्र, केन्द्र स्थल तथा उपान्त स्थल की संकल्पना, संघवाद।

5. आर्थिक भूगोल, विश्व का आर्थिक विकास---मापन तथा समस्याएं, संसाधन की संकल्पना, विश्व संसाधन उनका वितरण तथा विश्व समस्याएं, विश्व ऊर्जा संकट. अभिवृद्धि की सीमाएं, विश्व कृषि-प्रारूप विज्ञान तथा विश्व के कृषि-क्षेत्र, कृषि अवस्थिति का सिद्धांत, विश्व उद्योग-उद्योगों की अवस्थिति का सिद्धान्त, विश्व औद्योगिक नमूने तथा समस्याएं, विश्व व्यापार सिद्धान्त तथा विश्व के प्रांतरूप।

भारत का भूगोल

पत्र-2

भौतिक पहलू---भू-वैज्ञानिक इतिहास, भू-आकृति और अपवाह तंत्र, भारतीय मानसून का उद्गम और क्रियाविधि, मृदा और वनस्पति।

मानवीय पहलू---आदिवासी क्षेत्र तथा उनकी समस्याएं, जनसंख्या वितरण, संघनता और वृद्धि, जनसंख्या की समस्याएं तथा नीतियां।

संसाधन---भूमि खनिज, जल, जीवीय और समुद्री संसाधनों का संरक्षण और उपयोग।

कृषि---सिंचाई, फसलों की गहनता, फसलों का संयोजन, हरित क्रांति, भूमि उपयोग संबंधी नीति, ग्रामीण अर्थ व्यवस्था-पशुपालन, सामाजिक वानिकी और घरेलू उद्योग।

उद्योग---औद्योगिक विकास का इतिहास, स्थानीकरण कारक, खनिज आधारित, कृषि आधारित तथा वन आधारित उद्योगों का अध्ययन, औद्योगिक संकुल और औद्योगिक क्षेत्रीकरण।

परिवहन और व्यापार---सड़कों, रेलमार्गों तथा जलमार्गों की व्यवस्था का अध्ययन, अन्तः तथा अन्तर क्षेत्रीय व्यापार तथा गांव के बाजार केन्द्रों की भूमिका।

बस्तियां---ग्रामीण बस्तियों का प्रतिरूप, भारत में नगरीय विकास तथा उनकी समस्याएं, भारतीय नगरों की आंतरिक संरचना नगर आयोजन, गन्दी बस्तियां तथा नगरीय आवास, राष्ट्रीय नगरीकरण नीति।

क्षेत्रीय विकास तथा आयोजन--भारत की पंचवर्षीय योजना, बहुस्तरीय आयोजन, राज्य जिला तथा प्रखंड स्तरीय आयोजन, भारत में विकास के संबंध में क्षेत्रीय असमानताएं।

राजनैतिक पहलू भारत की राजनैतिक समस्याएं, राज्य पुनर्गठन, भारत की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा तथा संबद्ध मामले। भारत तथा हिन्द महासागर क्षेत्र की भू-राजनीति।

बिहार के भूगोल का निम्नलिखित शिर्षकों के अन्तर्गत अध्ययन, प्राकृतिक विभाग, मिट्टियां वन, जलवायु, कृषि का प्रतिरूप, सूखा और बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की समस्याएं और समाधान, प्रमुख खनिज संसाधन---लोहा, ताम्बा, बाक्साइट अबरख और कोयला, प्रमुख उद्योग---लोहा-इस्पात, एल्युमिनियम, सीमेन्ट, चीनी, प्रमुख औद्योगिक प्रदेश, बिहार की जनसंख्या की समस्या, जन-जातियों की समस्याएं और उनका समाधान, बिहार में नगरीकरण का प्रतिरूप।

---

14. भू-विज्ञान

पत्र-1

(सामान्य भू-विज्ञान, भू-आकृति रचनात्मक भू-विज्ञान, जीवाश्म विज्ञान और स्तरिकी)

1. सामान्य भू-विज्ञान--भूगति विज्ञान से संबद्ध ऊर्जा की गतिविधि, भूमि का उद्गम और अन्तस्थ, भूमि के विभिन्न विधि और काल द्वारा चट्टानों की तिथि निर्धारण। ज्वालामुखी के कारण और उत्पत्ति, ज्वालामुखी मेखलाएं भूचाल ज्वालामुखी मेखलाओं से संबद्धकरण और भू-विज्ञानिक प्रभाव तथा फैलाव। भद्रोणी तथा उनका वर्गीकरण। द्वीप द्वीपचापों, गंभीर सागर खाइयां तथा मध्य-महासागरीय कटक समस्थितिक पर्वतों-प्रकार और उद्गम महाद्वीप बहाव का संक्षिप्त विचार, महाद्वीपों तथा सागरों की उत्पत्ति, वायु तरंगों और भू-वैज्ञानिक समस्याओं से इसका लगाव।

2. भू-आकृति विज्ञान---प्रारम्भिक सिद्धांत तथा महत्व। भू-आकृति और प्रक्रिया तथा पेरामीटर, भूआकृतिक चक्रों तथा उनके प्रति पादन उल्लंघित गुण स्थलाकृति संरचनाओं और अश्म विज्ञान से इनका संबंध बड़ी भू-आकृतियां। अपवहनता भारतीय उपमहाद्वीप के भू-आकृतिक गुण। छोटानागपुर पठार के भू-आकृत्तिक गुण।

3. संरचनात्मक भू-विज्ञान---दबाव तथा भार दीर्घवृतज तथा चट्टान विरूपण। वलन और भ्रंशन का मैकेनिकल लाइनर और प्लानर संरचनाएं और उत्पत्तिमूलक महत्व। पेट्रीफैब्रिक विश्लेषण और इसका भू-वैज्ञानिक समस्याओं से मानचित्रीय प्रतिवेदन और लगाव। भारत का विवर्तनिकी ढांचा।

4. जीवाश्म विज्ञान---सूक्ष्म तथा सूक्ष्म-जीवाश्य, जीवाश्मा का सुरक्षण और उपयोगिता नाम पद्धति के वर्गीकरण का सामान्य विचार। स्पष्टिविक स्वरूप और उस पर पूरा सांख्यिकी अध्ययन का प्रभाव।

आकृति विज्ञान ब्राडिवोड्स बिवाल्व्स गैस्ट्रोपोड्स अमोनाइडस ट्रिलोबाइट्स एकिनोइड्स तथा कोरलस की विकासवादी प्रवृद्धि का भू-वैज्ञानिक इतिहास सहित वर्गीकरण।

पृष्ठावंशियों के प्रधान समूह तथा उनके आकृति गुण। गुणों से पृष्ठावंश जीवन दिनोसर मिवालिक पृष्ठावंश। अश्वों हाथियों तथा मानव का विस्तृत अध्ययन। गोंडवान फ्लोरा और इनके महत्व।

सूक्ष्म जीवाश्मों के प्रकार तथा उनका तेल की गवेषणा के विशेष संदर्भ सहित महत्व।

5. स्तरिकी---स्तरिकी के सिद्धान्त। स्तरीय वर्गीकरण तथा नाम पद्धति। स्तरिकीय मानक माप भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न भू-वैज्ञानिकों पद्धति का विस्तृत अध्ययन. भारतीय आकृति विज्ञान की सीमा समस्याएं।

विभिन्न भू-वैज्ञानिक पद्धतियों की उनके प्रकार क्षेत्र में स्तरीकी की रूप रेखा। भारतीय उप-महाद्वीप को भूतकाल की अवधि। संक्षिप्त जलवायु और आग्नेय क्रियाकलापों का अध्ययन। पुरा भौगोलिक पुनर्निर्माण।

पत्र-2

(स्फट रूपिकी, खनिज विज्ञान, शैल विज्ञान तथा आर्थिक भू-विज्ञान)

1. स्फट रूपिकी:—स्फटात्मक तथा अस्फाटात्मक तत्व, विशेष ग्रुप प्रवास समिति। समिति की 32 श्रेणियों में स्फटों का वर्गीकरण। स्फटरूपिकी संकेतना की अंतर्राष्ट्रीय पद्धति, स्फट समिति को विज्ञत करने के लिए त्रिविम परियोजनाएं। यमलन तथा यमल-जनन विधियां। स्फट अनियमितताएं। स्फिट अध्ययन के लिए एक्स किरणों का उपयोग।

2. प्रकाशीय खनिज विज्ञान:—प्रकाश के सामान्य सिद्धांत, समदैशिक और अनिसीटोपिज्म दृष्टि सूचिका की धारणा, तकर्वत्ता, खनिकरण रंग तथा निर्मित स्फटों में दृष्टि में लिविन्यास, विश्लेषण अतिरिक्त दृष्टि।

3. खनिज विज्ञान:—क्राइस्टल रसायन के तत्व बंधक के प्रकार। आयोनी एडीसन्न्व्य संख्या, हसोनोकियम पालीनोजित तथा सुडोनि-जोकिवल सिलीकेट का। रचनात्मक वर्गीकरण। चट्टान बनाने वाले खनिजों का विस्तृत अध्ययन, उनका भौतिक रासायनिक तथा प्रकाशीय गुण तथा उनके प्रयोग, यदि कोई हो, इन खनिजों के उत्पादों के परिवर्तनों का अध्ययन।

4. शैलविज्ञान:—मैगमा, इसका प्रजनन, स्वभाव तथा संयोजन। बाइनेरी तथा टर्नरी पद्धति का साधारण फैज का डायग्राम तथा उनका महत्व बोविन प्रतिक्रिया सिद्धांत, मैगनेमेटिक विनेदीकरण आत्मसात्करण। बनावट तथा संरचना और उनकी पाषाण, उत्पत्ति, महत्व, आग्नेय चट्टानों का वर्गीकरण भारत के महत्वपूर्ण चट्टान टाइप की पेटीग्राफी तथा पैट्रोजनेसिस, ग्रेनाइटस तथा ग्रेनाइटस कार्नोकाइटस तथा कार्मोकाइटस, डक्कन बसल्टस, तलछट चट्टानों के बनावट की प्रक्रियाएं, डायजेनेसिस तथा लिथिफिकेशन बनावट तथा संरचना और उसका महत्व आग्नेय चट्टानों का वर्गीकरण क्लस्टिक तथा बिना क्लस्टिक। भारी खनिज और उसका महत्व। जमाव पर्यावरणके आरम्भिक सिद्धांत। आग्नेय का अग्रभाग तथा उत्पत्ति स्थान सामान्य चट्टान प्रकारों के शिलालेख।

रूपान्तरण का परिवर्तन, रूपान्तरण के प्रकार, रूपान्तरित ग्रेड, मखला तथा अग्रभाग। ए०सी०एफ०ए० के० एफ० तथा ए० एफ० एम० आरेख। चट्टानों के रूपान्तरण की बनावट, संरचना तथा नामांकण महत्वपूर्ण चट्टानों के शिला या शैल जनन।

5. आर्थिक भू-विज्ञान-कच्चे धातु का सिद्धान्त, धातु खनिज तथा विधातु, कच्चे धातु की गतिविधि, खनिज समूहों की बनावट की प्रक्रिया, कच्चे धातु का वर्गीकरण, कच्चे धातु संग्रहज्ञान का नियंत्रण, मटालीजिनिक इपोह, महत्वपूर्ण धातु संबंधी बिना धातु संबंधी संग्रह, तेल तथा प्राकृतिक गैस, क्षेत्र, भारत के कोयला क्षेत्र। भारत की खनिज संपदा खनिज अर्थ राष्ट्रीय खनिज नीति खनिजों की सुरक्षा तथा उपयोगिता।

6. प्रयुक्त भू-विज्ञान-आजायनक और यन्त्र कला प्रधानताएं। खनन विज्ञान की प्रधान पद्धति, नमूना कच्चा धातु भण्डारण तथा लाभ, अभियांत्रिक कार्यों में भू-विज्ञान का प्रयोग।

मृदा तथा बुलद जल-भूविज्ञान। बिहार के भूमिगत जल प्रदेश। भू-वैज्ञानिक गवेषण में वायु संबंधी चित्रों का प्रयोग।

15-इतिहास

पत्र 1

खंड (क)—भारत का इतिहास (750 ईस्वी सन तक)

(1) सिन्धु सभ्यता।

उद्गम, विस्तार, प्रमुख विशेषताएं, महानगर, व्यापार और संबंध, कास के कारण उतरा जीविता और महत्व

(2) वैदिक युग।

वैदिक साहित्य वैदिक युग का भौगोलिक क्षेत्र सिन्धु सभ्यता और जैविक संस्कृत के बीच असमानताएं और समानताएं। राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रतिरूप महान धार्मिक विचार और रीति रिवाज।

(3) मौर्य काल से पूर्व।

धार्मिक आंदोलन (जैन, बौद्ध और अन्य धर्म) सामाजिक और आर्थिक स्थिति। मगध साम्राज्य का गणतंत्र और वृद्धि ।

(4) मौर्य साम्राज्य ।

साधन, साम्राज्य प्रशासन का उद्भव, वृद्धि और पतन, सामाजिक और आर्थिक स्थिति अशोक की नीति और सुधार कला ।

(5) मौर्य काल के बाद (200 ई० पू०---300 ई० पू०)

उत्तरी और दक्षिणी भारत में प्रमुख राजवंश आर्थिक और सामाजिक संस्कृत प्राकृत और तमिल धर्म (महायान का उदय और ईश्वरवादी उपासना) ।कला (आधार, मथुरा तथा अन्य स्कूल) केन्द्रीय एशिया से संबंध ।

(6) गुप्त काल

गुप्त साम्राज्य का उदय और पतन वकाटकास, प्रशासन समाज अर्थव्यवस्था, साहित्य कला और धर्म दक्षिण पूर्व एशिया से संबंध ।

(7) गुप्त काल के पश्चात (500 ई० पू०---700 ई० पू०)

पुश्यभूतिस मासरिस, उनके पश्चात् गुप्त राजा । हर्षवर्धन और उसका काल बदामी के चालुक्य । पल्लव, समाज, प्रशासन और कला । अरब विजय ।

(8) विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, और ज्ञान का सामान्य पुनर्रीक्षण ।

खंड (ख) मध्ययुगीन भारत (भारत 750 ई० पू० से 1200 ई० पू० तक)

(1) राजनीतिक और सामाजिक दशा, राजपूत उनकी नीतियां और सामाजिक संरचना (भू-संरचना और इसका समाज पर प्रभाव) ।

(2) व्यापार और वाणिज्य ।

(3) कला, धर्म और दर्शन, शंकराचार्य ।

(4) तटवर्ती क्रियाकलाप, अरबों से संबंध, आपसी सांस्कृतिक प्रभाव ।

(5) राष्ट्रकूल, इतिहास में उनकी भूमिका कला और संस्कृति में योगदान (चोल साम्राज्य, स्थानीय स्वायत सरकार, भारतीय ग्राम पद्धति के लक्षण, दक्षिण में समाज अर्थव्यवस्था, कला और विद्या ।

(6) मुहम्मद गजनवी के आक्रमण से पूर्व भारतीय समाज अलबरूनी के दृष्टान्त ।

भारत 1200---1765

(7) उत्तर भारत में दिल्ली सुल्तानों की नींव, कारण और परिस्थितियां भारतीय समाज पर उसका प्रभाव ।

(8) खिलजी साम्राज्य, सार्थकता और आशय, प्रशासनिक और आर्थिक विनियमन और राज्य और जनता पर उनका प्रभाव ।

(9) मुहम्मद बिन तुगलक के अधीन राज्य नीतियों और प्रशासनिक सिद्धांतों की नवीन स्थिति, फिरोजशाह की धार्मिक नीति और लोक-निर्माण ।

(10) दिल्ली सलतनत का विघटन---कारण और भारतीय राजतंत्र और समाज पर इसका प्रभाव ।

(11) राज्य का स्वरूप और विशेषता---राजनीतिक विचार और संस्थाएं कृषक संरचना और संबंध, शहरी केन्द्रों की वृद्धि, व्यापार और लघु वाणिज्य, शिल्पकारों और कृषकों, नवीन शिल्प, उद्योग और प्राधोगिकी भारतीय औषधियों की स्थिति ।

(12) भारतीय संस्कृति पर इस्लाम का प्रभाव---मुस्लिम रहस्यवादी आंदोलन, भक्ति सन्तों की प्रकृति और सार्थकता, महाराष्ट्र धर्म, वैष्णव पुनरुधारकों के आंदोलनों की भूमिका, चैतन्य आंदोलन की सामाजिक और धार्मिक सार्थकता, मुस्लिम सामाजिक जीवन पर हिन्दु समाज का प्रभाव ।

(13) विजय नगर साम्राज्य, इसकी उत्पत्ति और वृद्धि कला, साहित्य और संस्कृति में योगदान, सामाजिक और आर्थिक स्थितियां, प्रशासन की पद्धति, विजय नगर साम्राज्य का विघटन ।

(14) इतिहास के स्रोत प्रमुख इतिहासकारों, शिलालेखों और मंत्रियों का विवरण ।

(15) उत्तर भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना---बाबर की चढ़ाई के समय हिन्दुस्थान में राजनैतिक और सामाजिक स्थिति बाबर और हुमायूं भारतीय समुद्र में पुर्तगाली नियंत्रण की स्थापना इसके राजनैतिक आर्थिक परिणाम ।

(16) सूर, राजनीतिक, राजस्व और असैनिक प्रशासन ।

(17) अकबर के अधीन मुगल साम्राज्य का विस्तार---राजनैतिक एकता अकबर के अधीन राजतंत्र का नवीन स्वरूप अकबर की धार्मिक राजनीतिक विचार और मुस्लिमों के साथ संबंध ।

(18) मध्य कालीन युग में क्षेत्रीय भाषाओं और साहित्य की वृद्धि कला और वस्तुकला का विकास ।

(19) राजनीतिक विचार और संस्थाएं मुगल साम्राज्य की प्रकृति भू-राजस्व प्रशासन, मनसबदारी और जागीरदारी पद्धतियां, भूमि संरचना और जमींदारों की भूमिका, खेतिहर संबंध, सैनिक संगठन ।

(20) औरंगजेब की धार्मिक नीति---दक्षिण में मुगल साम्राज्य का विस्तार औरंगजेब के विरुद्ध विद्रोह, स्वरूप और परिणाम ।

(21) शहरी केन्द्रों का विस्तार---औद्योगिक अर्थव्यवस्था-शहरी और ग्रामीण विदेशी व्यापार और वाणिज्य, मुगल और यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियां ।

(22) हिन्दु-मुस्लिम संबंध, एकीकरण की प्रवृत्ति-संयुक्त संस्कृति (16वीं से 18वीं शताब्दी)।

(23) शिवाजी का उदय—मुगलों के साथ उनका संघर्ष शिवाजी का प्रशासन पेशवा (1707-1761) के अधीन मराठों शक्ति का विस्तार, प्रथम तीन पेशवाओं के अधीन मराठा राजनीतिक संरचना, चौथे और सरदेशमुखी पानीपत की तीसरी लड़ाई कारण और प्रभाव, मराठा राज्य व संघ का आविर्भाव इसकी संरचना और भूमिका।

(24) मुगल साम्राज्य का विघटन, नवीन क्षेत्रीय राज्य का आविर्भाव।

पत्र-2

खंड "क" आधुनिक भारत (1757 से 1947)।

(1) ऐतिहासिक शक्तियां और कारक जिनकी वजह से अंग्रेजी का भारत पर अधिपत्य हुआ, विशेष तथा बंगाल, महाराष्ट्र और सिंध के संदर्भ में भारतीय ताकतों द्वारा प्रतिरोध और उनकी असफलताओं के कारण।

(2) राजवाड़ों पर अंग्रेजों प्रमुख का विकार।

(3) उपनिवेशवाद की अवस्थाएं और प्रशासनिक ढांचे और नीतियों में परिवर्त्तन (राजस्व, न्याय समाज और शिक्षा संबंधी परिवर्त्तन और ब्रिटिश औप निवेशिक हितों में उनका संबंध।

(4) ब्रिटिश आर्थिक नीति और उनका प्रभाव कृषि का वाणिज्यीकरण, ग्रामीण ऋणग्रस्तता कृषि श्रमिकों की वृद्धि दस्तकारी उद्योगों का विनाश सम्पत्ति का पलायन, आधुनिक उद्योगों की वृद्धि तथा पूंजीवादी वर्ग का उदय ईसाई मिशनों की गतिविधियां।

(5) भारतीय समाज के पुनर्जीवन के प्रभाव, सामाजिक धार्मिक आंदोलन सुधारकों के सामाजिक, धार्मिक राजनीतिक और आर्थिक विचार और उनकी भविष्य दृष्टि उन्नीसवीं शताब्दी के पुनर्जागरण का स्वरूप और उसकी सीमाएं, जातिगत। आंदोलन विशेषकर दक्षिण और महाराष्ट्र के संदर्भ में आदिवासी विद्रोह विशेष कर मध्य तथा पूर्वी भारत में।

(6) नागरिक विद्रोह—1857 का विद्रोह नागरिक विद्रोह और कृषक विद्रोह विशेषकर नील बगावत के संबंध में दक्षिण के दंगे और मोपिका बगावत।

(7) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का उदय और विकास—भारतीय राष्ट्रवाद के सामाजिक आधार, प्रारंभिक राष्ट्रवादियों और उग्र राष्ट्रवादियों की नीतियां और कार्यक्रम, उग्र क्रांतिकारी दल, आतंकवादी साम्प्रदायिकता का उदय और विकास। भारत की राजनीति में गांधी जी का उदय और उनके जन-आंदोलन के तरीके असहयोग सविनय अवज्ञा और भारत छोड़ो आन्दोलन ट्रेड यूनियन और किसान आंदोलन। राजवाड़ों की जनता के आंदोलन, कांग्रेस समाजवादी और साम्यवादी। राष्ट्रीय आंदोलन के प्रति ब्रिटेन की सरकारी प्रतिक्रिया, 1909-1935 के संवैधानिक परिवर्त्तनों के बारे में कांग्रेस का रुख, आजाद हिन्द फौज 1946 का नौ सेना विद्रोह भारत का विभाजन और स्वतंत्रता की प्राप्ति।

खंड (ख) विश्व इतिहास (1500-1950)

भौगोलिक खोजें—सामन्तवाद का पतन, पूंजीवाद का प्रारंभ (योरूप में पुनर्जीवन और धर्म सुधार (नवीन निरंकुश राजतंत्र-राष्ट्र राज्योदय।

पश्चिमी योरूप में वाणिज्यिक क्रांति वाणिज्यवाद।

इंगलैन्ड में संसदीय संघों का विकास तीस वर्षीय युद्ध योरूप के इतिहास में इसका महत्व।

फ्रांस का प्रभुत्व —

(ख) विश्व के वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उदय प्रबोधन का युग, अमेरिका की क्रांति इसका महत्व।

फ्रांस की क्रांति तथा नैपोलियन का युग (1789-1815) विश्व इतिहास में इसका महत्व पश्चिमी योरूप में उदारवाद तथा प्रजातंत्र का विकास (1815-1914) औद्योगिक क्रांति का वैज्ञानिक तथा तकनीकी पृष्ठ भूमि योरूप के औद्योगिक क्रांति की अवस्थाएं योरूप में सामाजिक तथा श्रम आन्दोलन।

(ग) विशाल राष्ट्र राज्यों का सुदृढ़ीकरण इटली का एकीकरण, जर्मन साम्राज्य का आबादीकरण। अमेरीका का सिविल युद्ध। 19वीं और 20वीं शताब्दी में एशिया तथा अफ्रीका में उपनिवेशवाद तथा साम्राज्यवाद।

चीन तथा पश्चिमी शक्तियां। जापान और इसके उदय का बड़ी शक्ति के रूप में आधुनिकीकरण।

योरोपीय शक्तियां तथा ओटोमन इम्पायर (1815-1914)

प्रथम विश्व युद्ध—युद्ध का आर्थिक तथा सामाजिक प्रभाव-पेरिस सन्धि 1919।

(घ) रूस की क्रांति 1917—रूस में आर्थिक तथा सामाजिक पुनः निर्माण इन्डोनेशिया, चीन तथा हिन्द चीन में राष्ट्रीय आन्दोलन।

चीन में साम्यवाद का उदय और स्थापना। अरब संसार में जागृति मिश्र में स्वाधीनता तथा सुधार हेतु संघर्ष कमाल अतातुर्क के अधीन आधुनिक तुर्की का आविर्भाव। अरब राष्ट्रवाद का उदय।

1929-32 का विश्व वलन। फ्रेंकलिन डी रूजवेल्ट का नया व्यवहार। योरूप में सर्वसत्तावाद इटली में मोहवाद जर्मन में नाजीवाद। जापान में सैन्यवाद, द्वितीय विश्वयुद्ध के उद्गम तथा परिणाम।

16. श्रम एवं समाज कल्याण

पत्र 1

श्रम विधान एवं श्रम प्रशासन

1. श्रम विधान के सिद्धान्त—श्रम विधान के प्रकार
2. भारत में श्रम विधान का संक्षिप्त इतिहास
3. भारतीय संविधान में श्रम संबंधी उपबंध
4. निम्नलिखित श्रम अधिनियम यथा अद्यतन संशोधित मुख्य उपबंध एवं उनका मूल्यांकन
   (क) कारखाना अधिनियम, 1948
   (ख) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948—बिहार में कार्यान्वयन
   (ग) मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936
   (घ) समाज पारिश्रमिक अधिनियम, 1976
   (ङ) कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923
   (च) प्रसुति हितलाभ अधिनियम, 1961
   (छ) कमचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948
   (ज) उपादान संदाय अधिनियम, 1972
   (झ) बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) अधिनियम, 1986
   (ञ) बीड़ी तथा सिगार कर्मकार (नियोजन की शर्तें) अधिनियम, 1966
   (ट) बिहार दूकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम, 1953

5. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, गठन, क्रियाकलाप, अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों का सृजन भारतीय श्रम विधान पर प्रभाव।

6. बिहार में श्रम प्रशासन।

पत्र 2

औद्योगिक संबंध एवं समाज कल्याण

1. औद्योगिक संबंध एवं श्रम संघ, भारत और बिहार के संदर्भ में—
   (क) औद्योगिक संबंध—अवधारणा, विस्तारक्षेत्र, मुख्य पहलू
   (ख) औद्योगिक विवाद एवं हड़ताल—रुप, कारण और रोकथाम, औद्योगिक विवाद सुलझाने के विभिन्न तरीके, सामूहिक सौदेबाजी, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947।
   (ग) प्रबंध में श्रमिकों की सहभागिता—उद्देश्य, संस्थाएं, वर्त्तमान स्थिति, भारत में विफलता के कारण।
   (घ) भारत में श्रम संघ—संक्षिप्त इतिहास, प्रकार, उद्देश्य एवं प्राप्ति की विधियां, ढांचा एवं प्रशासन, राजनैतिक लगाव एवं नेतृत्व, प्रतिद्वन्दिता एवं मान्यता की समस्या, श्रम संघ अधिनियम, 1926।
   (ङ) अनुशासन संहिता एवं आचरण संहिता।

2. समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा—
   (क) सामाजिक सुरक्षा—अर्थ, क्षेत्र, प्रकृति एवं तरीके
   (ख) बेरोजगारी—अर्थ, प्रकार, कारण, दूर करने के उपाय, भारत में बेरोजगारी संबंधी विशेष कार्यक्रम ;
   (ग) निर्धनता—अर्थ, प्रकार, मात्रा, कारण, दूर करने के उपाय, भारत एवं बिहार में ग्रामीण निर्धनता, उन्मूलन संबंधी सरकार के विशेष कार्यक्रम।

   (घ) बाल कल्याण—बालकों की समस्याएं, उनके लिये कल्याण कार्य ;
   (ङ) महिला कल्याण—महिलाओं की समस्याएं, उनके लिये कल्याण कार्य ;
   (च) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण—समस्याएं, कल्याण कार्य ;
   (छ) मद्यपान निषेध—बिहार में स्थिति ;
   (ज) वेश्यावृत्ति—प्रकृति, कारण, प्रभाव, दूर करने के उपाय ;
   (झ) भिक्षावृत्ति—प्रकृति, कारण, बिहार में स्थिति ;
   (ञ) बिहार सरकार के सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम—वृद्धावस्था पेंशन, अनियोजन भत्ता, समूह बीमा, बंधुआ श्रमिकों का पुनर्वासन।

17. विधि

पत्र 1

1. भारत की सांविधिक विधि

1. भारतीय-संविधान की प्रकृति । इसके परिसंघीय स्वरूप की सुभिन्न विशेषताएं ।
2. मूल अधिकार, निदेशक तत्व तथा मूल अधिकारों के साथ उनका संबंध । मूल कर्त्तव्य ;
3. समता का अधिकार ।
4. वाक् स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का अधिकार ।
5. प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार ।
6. धार्मिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक अधिकार ।
7. राष्ट्रपति की संवैधानिक स्थिति तथा मंत्रिपरिषद् के साथ संबंध ।
8. राज्यपाल और उसकी शक्तियां ।
9. उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय, उनकी शक्तियां तथा अधिकारिता ।
10. संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य लोक सेवा आयोग उनकी शक्तियां एवं से कृत्य ।
11. नैसर्गिक न्याय का सिद्धान्त ;
12. संघ तथा राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का वितरण ;
13. प्रत्यायोजित विधान—इसकी संवैधानिकता, न्यायिक तथा विधायी नियंत्रण ।
14. संघ तथा राज्यों के बीच प्रशासनिक एवं वित्तीय संबंध ।
15. भारत में व्यापार, वाणिज्य और समागम ।
16. आपात उपबंध ।
17. सिविल कर्मचारियों के लिये सांविधानिक सुरक्षा ।
18. संसदीय विशेषाधिकार और उन्मुक्तियां ।
19. संविधान का संशोधन ।

2. अन्तर्राष्ट्रीय विधि

1. अन्तर्राष्ट्रीय विधि की प्रकृति ।
2. स्रोत संधि, रुढि, सभ्य राष्ट्रों द्वारा मान्यता प्राप्त विधि के सामान्य सिद्धान्त, विधि निर्धारण के लिये समनुषंगी साधन, अन्तर्राष्ट्रीय अंगों के संकल्प तथा विशिष्ट अभिकरणों के विनियमन ।
3. अन्तर्राष्ट्रीय विधि तथा राष्ट्रीय विधि के बीच संबंध ।
4. राज्य मान्यता और राज्य उत्तराधिकार ।
5. राज्यों के राज्य क्षेत्र अर्जन की रीतियां, सीमाएं, अन्तर्राष्ट्रीय नदियां ।
6. समुद्र, अन्तदर्शीय जलमार्ग, राज्य समुद्र, क्षेत्रीय समीपस्थ परिक्षेत्र महाद्वीपीय उप-तट, अनन्य आर्थिक परिक्षेत्र तथा राष्ट्रीय अधिकारिता से परे समुद्र ।
7. आकाशी क्षेत्र तथा विमान संचालन ।
8. बाह्य अंतरिक्ष, बाह्य अंतरिक्ष की खोजी तथा उपयोग ।
9. व्यक्ति, राष्ट्रीयत्व, राज्य हीनता, मानवीय अधिकार, उनके प्रवर्त्तन के लिए उपलब्ध प्रतिक्रियायें ।
10. राज्यों की अधिकारिता, अधिकारिता का आधार, अधिकारिता से उन्मुक्ति ।
11. प्रत्यर्पण तथा शरण ।
12. राजनयिक मिशन तथा कांसुलीय पद ।
13. संधि, निर्माण, उपयोजन तथा पर्यवसान ।
14. राज्य का उत्तरदायित्व ।
15. संयुक्त राष्ट्र, इसके प्रमुख अंग, शक्तियां और कृत्य ।
16. विवादों का शांतिपूर्ण निपटारा ।
17. जल का विधिपूर्ण आश्रय, आक्रमण, आत्मरक्षा, मध्यक्षेप ।
18. आणविक अस्त्रों के प्रयोग की वैधता, आणविक अस्त्रों के परीक्षण पर रोक, आणविक अप्रचुरोद्भवन संधि ।

पत्र 2

1. अपराध और अपकृत्य विधि

I अपराध विधि —

1. अपराध की संकल्पना: आपराधिक कार्य, अपराधिक मान, स्थिति, स्टैटयूटरी अपराधों में आपराधिक मनःस्थिति, दंड आज्ञापक दंडादेश, तैयारी और प्रयत्न ।
2. भारतीय दंड-संहिता—
   (क) संहिता का लागू होना ।
   (ख) साधारण अपवाद ।

(ग) संयुक्त और आन्वयिक दायित्व।
(घ) दुष्प्रेरण।
(ङ) आपराधिक षड्यंत्र।
(च) राज्य के विरुद्ध अपराध।
(छ) लोक प्रशांति के विरुद्ध अपराध।
(ज) लोक सेवकों से संबंधित अथवा उनके द्वारा अपराध।
(झ) मानव शरीर के विरुद्ध अपराध।
(ञ) संपत्ति के विरुद्ध अपराध।
(ट) विवाह से संबंधित अपराध, पत्नी के प्रति पति अथवा उसके संबंधियों द्वारा क्रूरता।
(ठ) मानहानि।

3. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955
4. दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961
. खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954

II. अपकृत्य विधि

1. अपकृत्य दायित्व की प्रकृति।
2. त्रुटि पर आधारित दायित्व तथा कठोर दायित्व।
3. स्टैट्यूटरी दायित्व।
4. प्रत्यायुक्त दायित्व।
5. संयुक्त अपकृत्य कर्ता।
6. उपचार।
7. अपेक्षा।
8. अधिष्ठाता का दायित्व और संरचनाओं के बारे में उसका दायित्व।
9. निरोध और परिवर्तन (डेटिन्यू ऐण्ड कनवर्जन।
10. मानहानि।
11. न्यूसेंस।
12. षड्यंत्र।
13. मिथ्या कारावास और दुर्भावपूर्ण अभियोजन।

II. संविदा विधि और वाणिज्यिक विधि—

1. संविदा निर्माण।
2. सम्पत्ति दूषित करने वाले कारण।
3. शून्य, शून्यकरणीय, अवैध और अप्रवर्त्तनीय करार।
4. संविधाओं का अनुपालन।
5. संविदात्मक बाध्यताओं की समाप्ति, संविदा का विफलीकरण।
6. संविदा कल्प।
7. संविदा भंग के विरुद्ध उपचार।
8. माल विक्रय और अवक्रय।
9. अभिकरण।
10. भागीदारी का निर्माण और विघटन।
11. परक्राम्य लिखित।
12. बैंकर-ग्राहक संबंध।
13. प्राइवेट कंपनियों पर सरकारी नियंत्रण।
14. एकाधिकार तथा अवरोध व्यापारिक अधिनियम, 1969
15. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986

निम्नलिखित भाषाओं का साहित्य:

नोट :—(1) उम्मीदवार को संबद्ध भाषा में कुछ या सभी प्रश्नों में उत्तर देने पड़ सकते हैं।
(2) संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं के संबंध में लिपियां वही होंगी जो प्रधान परीक्षा से संबद्ध परिशिष्ट I से खंड II (ख) में दर्शाई गई है।

(3) उम्मीदवार ध्यान दें कि जिन प्रश्नों के उत्तर किसी विशिष्ट भाषा में नहीं देने हैं, उनके उत्तरों को लिखने के लिये वे उसी माध्यम को अपनाएं जो उन्होंने सामान्य अध्ययन तथा वैकल्पिक विषयों के लिये चुना है।

18. प्रबन्ध

पत्र 1

